# 'लोकतंत्र बचाने को विपक्ष हुआ एकजुट'

## भाजपा को अगले आम चुनाव में चुनौती देने के लिए सभी विपक्षी दल एक साझा कार्यक्रम तैयार करेंगे

एजेंसियां

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नैशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने कहा है कि देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी विपक्षी दल एकजुट हुए हैं। विपक्षी दलों के इस गठबंधन ने कहा कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को अगले आम चुनाव में चुनौती देने के लिए सभी विपक्षी एक साझा कार्यक्रम तैयार करेंगे।

'इंडिया' की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को मुंबई में ग्रांड हयात होटल में शुरू हुई है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने कहा कि देश इस समय नाजुक दौर से गुजर रहा है और ऐसे में देश की एकता और संप्रभुता की रक्षा जरूरी है। प्रसाद ने कहा कि सभी विपक्षी दल संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए साथ आएं हैं।

उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार गरीबी, बेरोजगारी और किसानों के हितों से जुड़े मुद्दे सुलझाने में विफल रही है। विपक्षी गठबंधन की बैठक के दौरान हम एक साझा कार्यक्रम तैयार करने की दिशा में अग्रसर हैं। हमें भाजपा के उम्मीदवारों के खिलाफ विपक्ष का साझा उम्मीदवार खड़ा करना होगा।'

बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि उनके राज्य में महागठबंधन सरकार बनने के बाद लालू प्रसाद और नीतीश कुमार ने समान विचारधारा रखने वाले सभी दलों को साथ लाने की दिशा में पहल करने का निर्णय लिया। तेजस्वी ने कहा, 'यह उनके प्रयासों का ही नतीजा है कि हम पिछले एक साल में तीसरी बार विपक्षी गठबंधन के रूप में एकत्र हुए हैं।' उन्होंने कहा कि लोग 'समाज में दरार डालने वाले लोगों' को करारा जवाब देंगे। तेजस्वी ने कहा, "अगर हम देश के लोगों की अपेक्षा पर खरा नहीं उतरेंगे तो वे हमें कभी माफ नहीं करेंगे।' पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की नेत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि युवा इस देश की ताकत हैं। उन्होंने कहा, 'जवाहरलाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह जैसे नेताओं ने युवाओं को दिशा देने के लिए काम किया और जेएनयू, आईआईएम, इसरो जैसे संस्थानों की स्थापना की।'


मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में इंडिया की बैठक में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे व अन्य नेता

वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन बनाने का एकमात्र उद्देश्य देश को बचाना है। उन्होंने कहा, 'देश का संघीय ढांचा खतरे में है। जिस राज्य की जनता भाजपा की सरकार नहीं बनने देती है उन्हें परेशान किया जा रहा है। हमारा यह गठबंधन सीटों की संख्या बढ़ाने या घटाने के लिए नहीं है, बल्कि देश को बचाने के लिए है।'

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता राघव चड्ढा ने कहा कि भाजपा इंडिया गठबंधन से डरी हुई है। उन्होंने कहा, 'उन्हें इंडिया शब्द से नफरत है और वे इस नाम को एक आतंकी संगठन से जोड़ रहे हैं। यह सिर्फ नफरत नहीं है बल्कि यह डर भी है कि अगर गठबंधन सफल हुआ तो क्या होगा।'

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बैठक में भाग लेने वाले दल देश और इसके लोकतंत्र तथा संविधान को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।

शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने के लिए एकसाथ आए हैं।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता मनोज झा ने कहा कि यह गठबंधन देश को एकजुट करने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक दलों का गठबंधन नहीं बल्कि विचारों का गठबंधन है। झा ने कहा कि देश को उपचार की जरूरत है और हमारा गठबंधन देश के पुनर्निर्माण और सत्तारूढ़ दल को आईना दिखाने के लिए है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-मार्क्सवादी (सीपीआई-एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि 'इंडिया' के प्रति लोगों के मिल रहे समर्थन ने प्रधानमंत्री और भाजपा को परेशान कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि इंडिया के सामने नरेंद्र मोदी सरकार की नीतियों से हुए नुकसान की भरपाई करने की चुनौती है, जिसके परिणामस्वरूप देश में महंगाई बढ़ी है और युवा पीढ़ी बेरोजगार है। उन्होंने कहा, 'भाजपा को हमारे गठबंधन के नाम से दिक्कत है। इसका मतलब है कि हम अच्छा कर रहे हैं।'

### भाजपा ने 'इंडिया' को 'स्वार्थी' गठबंधन बताया

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को विपक्षी इंडियन नैशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की आलोचना करते हुए इसे 'स्वार्थी गठबंधन' करार दिया। भाजपा ने दावा किया कि इसका (विपक्षी गठबंधन का) उद्देश्य अपने सदस्य दलों के शीर्ष पर बैठे परिवारों के हितों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है। भाजपा के प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि उनका (विपक्षी गठबंधन) दूसरा उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक स्थिर और विकास समर्थक सरकार को झटका देना है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने विपक्षी गठबंधन की आलोचना करते हुए कहा कि नाम बदलने से उत्पाद नहीं बदल जाता है। उन्होंने कहा, 'इंडिया के रूप में संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) की रीब्रांडिंग करने की कोशिश की गई है, लेकिन यह चलने वाला उत्पाद नहीं है क्योंकि संप्रग की खामियों से लोग भलीभांति परिचित हैं।'

### विपक्षी नेता अपने गठबंधन 'इंडिया' के नाम के भरोसे: राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता केवल अपने गठबंधन के नाम पर भरोसा कर रहे हैं क्योंकि यही उनके लिए एकमात्र सहारा बचा है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन के बारे में 'नाम बड़े और दर्शन छोटे' वाली कहावत का भी जिक्र किया। सिंह ने कहा कि भारत अब शक्तिशाली हो गया है और वैश्विक स्तर पर अब कोई भी इसे कमजोर राष्ट्र नहीं मानता। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर भारत का कद पहले की तुलना में काफी बढ़ गया है और वह जो बोलता है दुनिया उसे ध्यान से सुनती है, ऐसा पहले नहीं होता था।

# सितंबर में वर्षा रह सकती है 'सामान्य'

**मॉनसूनी बारिश**

| वर्ष | जून | जुलाई | अगस्त | सितंबर | जून-सितं |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023 | -8 | 13 | -36 | - | - |
| 2005 | -11.8 | 18.9 | -25 | 20 | 0.4 |
| 1965 | -30.1 | -4 | -24.6 | -22.5 | -18.6 |
| 1920 | -1 | 6 | -24.4 | -26.6 | -10.6 |
| 2009 | -47.1 | 1.9 | -24.1 | -15.2 | -18.3 |

आंकड़े प्रतिशत में, स्रोत- आईएमडी

संजीव मुखर्जी

**अगस्त** में सुस्त रहने के बाद दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सितंबर में फिर सक्रिय हो सकता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अपने नवीनतम अनुमान में यह बात कही है। इस बयान के बाद बारिश को लेकर उम्मीदें फिर जग गई हैं। विभाग ने कहा है कि देश में सितंबर में संचयी वर्षा दीर्घ अवधि के औसत (एलपीए) की 91-100 प्रतिशत तक रह सकती है। अगस्त में बारिश बहुत कम होने से खरीफ फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। 1901 के बाद अगस्त में इतनी कम बारिश कभी नहीं हुई थी।

सितंबर के लिए एलपीए 167.9 सेंटीमीटर रहा है। यह कुल मौसमी वर्षा का लगभग 19 प्रतिशत है। इस समय खेतों में लगी खरीफ फसलों के लिए बारिश बेहद जरूरी है, खासकर महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक और तेलंगाना में अगस्त में मामूली बारिश से हालात बिगड़ गए हैं।

हालांकि, सितंबर में बारिश अच्छी-खासी बारिश होती है तब भी कमी की भरपाई होती नहीं दिख रही है। यानी जून से सितंबर तक देश में कुल बारिश 'सामान्य से कम' ही रहेगी। अगस्त लगभग सूखा गुजरने से पहले दिए गए सभी अनुमान धरे के धरे रह गए हैं।

फिलहाल यह कहना मुश्किल है कि सितंबर के अंत तक बारिश कितनी होगी मगर मौसम विभाग के नवीनतम अनुमान के अनुसार इस साल वर्षा एलपीए की 96 प्रतिशत से कम ही रहेगी। अगस्त में देश में मात्र 161.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो 1901 के बाद से अब तक का सबसे खराब आंकड़ा है। संचयी स्तर पर देश भर में औसत वर्षा 36 प्रतिशत कम रही। अगस्त में पूरे 20 दिनों तक मॉनसून सक्रिय नहीं रहा। 1989 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है। मॉनसून की चाल सुस्त पड़ने से अगस्त में अखिल भारतीय औसत माध्य और अधिकतम तापमान 1901 के बाद सर्वाधिक स्तरों पर रहे। न्यूनतम तापमान भी केवल एक बार इससे पहले अधिक रहा था।

भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने गुरुवार को कहा, 'तीन संकेत बता रहे हैं कि सितंबर में मॉनसून फिर सक्रिय हो जाएगा। पहली बात तो बंगाल की खाड़ी में कम दबाव बढ़ सकता है। दूसरी बात, मैडेन जूलियन ऑसीलेशन (एमजेओ) अनुकूल रहेगा। तीसरा पहलू यह है कि हिंद महासागर द्विध्रुव (आईओडी) अगस्त में उदासीन रहने के बाद सकारात्मक हो गया है और आगे भी ऐसा ही रहेगा।'

महापात्र ने कहा कि 2 सितंबर से मॉनसून फिर सक्रिय हो जाएगा और इसके बाद इसकी सक्रियता बढ़ती ही जाएगी। मौसम विभाग ने कहा कि क्षेत्रवार आधार पर बात करें तो पूर्वोत्तर, पूर्वी भारत, हिमालय के आस-पास के क्षेत्र और पूर्व-मध्य और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भाग में सामान्य से अधिक वर्षा होगी, जबकि देश के शेष हिस्सों में सामान्य और इससे कम बारिश हो सकती है।

महापात्र ने कहा कि कृषि मंत्रालय के साथ हुई चर्चा के अनुसार अगस्त में बारिश कम होने से खेतों में लगी खरीफ फसलों को कुछ नुकसान जरूर हुआ है मगर पूर्वी और पूर्वोत्तर हिस्से में बारिश से धान की फसल को फायदा हुआ है।


# बायोमेट्रिक डेटा इकट्ठा करेगी एक्स

शिवानी शिंदे और सौरभ लेले

**सोशल** मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) ने अपनी गोपनीयता नीति में बदलाव करेगी। कंपनी ने कहा है कि पढ़ाई और नौकरी के साथ-साथ वह उपयोगकर्ताओं के बायोमेट्रिक जानकारी एकत्रित करेगी।

कंपनी ने अपने प्राइवेसी सेगमेंट में कहा है, 'आपकी सहमति के बाद हम सुरक्षा और पहचान उद्देश्यों के लिए आपकी बायोमेट्रिक जानकारी एकत्र और इसका उपयोग कर सकते हैं।'नई नीति में कंपनी ने यह भी उल्लेख किया गया है कि कंपनी उपयोगकर्ताओं के लिए संभावित नौकरियों की पेशकश के लिए व्यक्तिगत जानकारी (जैसे कि रोजगार इतिहास, शैक्षिक इतिहास, रोजगार प्राथमिकताएं, कौशल और क्षमताएं, नौकरी खोज गतिविधि आदि) भी एकत्रित कर उसका उपयोग कर सकती है, ताकि जब आप नौकरी के लिए आवेदन करें तो संभावित नियोक्ता आपको को ढूंढ सकें और आपको अधिक प्रासंगिक विज्ञापन दिखा सकें।

समाचार एजेंसी ब्लूमबर्ग ने सबसे पहले इस खबर के बारे में बताया था। एजेंसी की खबर में उल्लेख किया गया है कि एक्स के एक प्रतिनिधि ने भी इस बाबत पुष्टि की है। बिज़नेस स्टैंडर्ड ने भी इन बदलावों को



सत्यापित किया, जो कंपनी की वेबसाइट पर गोपनीयता नीति का हिस्सा हैं।

हालांकि, कंपनी ने इस बारे में कुछ नहीं लिखा है कि बायोमेट्रिक जानकारी का क्या मतलब है और न ही यह बताई है कि वह इसे कैसे एकत्र करेगी। यह भी स्पष्ट नहीं है कि नये बदलाव कब लागू होंगे। उपयोगकर्ताओं के लिए कंपनी की पिछली नीति 29 सितंबर तक लागू है। रोजगार के आंकड़े एकत्र करने पर ऐसा लगता है कि मस्क लिंक्डइन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म भी शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने ट्वीट कर कहा था, 'लोग कभी-कभी मुझे लिंक्डइन लिंक भेजते हैं, लेकिन मैं इसका उपयोग करने के लिए खुद को तैयार नहीं कर पाता, इसलिए मैं बायोडाटा ईमेल करने के लिए कहता हूं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लिंक्डइन का एक्स अच्छा प्रतिस्पर्धी हो।' ये मस्क के 'सुपर-ऐप' बनाने के प्रयास का भी हिस्सा हैं।

# क्या है गूगल सर्च जेनरेटिव एआई

## डेस्कटॉप पर गूगल क्रोम में एआई आधारित खोज को चुनने का विकल्प मिलेगा

हर्ष शिवम


**गूगल** ने गुरुवार को घोषणा की कि वह भारत में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित खोज (गूगल सर्च) की सुविधा दे रही है। सर्च जेनरेटिव एक्सपीरियंस (एसजीई) कहे जाने वाली यह सुविधा गूगल सर्च पर जेनरेटिव एआई आधारित अनुभव को एक नया आयाम देगी।

गूगल सर्च पर उपयोगकर्ताओं को विकल्प के तौर पर एसजीई उपलब्ध कराया जाएगा। यह गूगल की नई पहल है। तो यह क्या है और कैसे काम करता है? आईए जानते हैं।

### गूगल सर्च जेनरेटिव अनुभव क्या है?

यह जेनरेटिव एआई पर आधारित गूगल सर्च में एक नया अनुभव देता है। यह कई वेबसाइट के लिंक दिखाने के बजाय सर्च पेज पर उपयुक्त जानकारी देता है। इसमें खोज (सर्च) से जुड़े सवाल और कीवर्ड से संबंधित जानकारियां हो सकती हैं। इसका असली मकसद है कि गूगल सर्च जेनरेटिव का अनुभव करने वाले उपयोगकर्ताओं को सही जानकारी वाले लिंक के साथ-साथ एआई जानकारी के स्रोत के बारे में भी बताएगा।

चूंकि भारत में अभी इसका


एक सप्ताह में ऐंड्रॉयड और आईओएस पर भी शुरू किया जाएगा

परीक्षण हो रहा है इसलिए गूगल ने इसे अंग्रेजी और हिंदी भाषा में तैयार किया है। इसमें टेक्स्ट-टू-स्पीच सुविधा भी दी गई है, जो उपयोगकर्ताओं को खोज परिणामों को सुनने का भी विकल्प देता है।

### यह कैसे काम करेगा?

गूगल सर्च का जेनरेटिव एआई आधारित संस्करण एसजीई है। यह कैसे काम करता है यह जानने के लिए जरूरी है कि गूगल सर्च के बारे में जानना होगा। पहले गूगल सर्च पर उपयोगकर्ताओं को वेबपेज के लिंक दिखते थे। इसमें उनके लिए उपयुक्त जानकारी होती थी और कभी-कभी नहीं भी होती थी।

एसजीई में उन लिंक की उपयुक्त जानकारी एक साथ की गई और उन्हें सबसे पहले दिखाया जाता है। इसके अलावा यह जानकारी के स्रोत को दिखाने के लिए भी लिंक देता है और फोटो के अनुभव को बढ़ाने के लिए अंत में फोटो परिणामों की भी जानकारी देता है।

उपयोगकर्ताओं को एसजीई में प्रासंगिक जानकारी मिलती है, जो गूगल सर्च के मौजूदा संस्करण में संभव नहीं था।

### एसजीई अभी प्रायोगिक चरण में क्यों है?

प्रौद्योगिकी की दुनिया में एआई और मशीन लर्निंग अभी नए हैं। जेनरेटिव एआई की अपनी सीमाएं हैं। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस अधिक सटीक होने की जगह अभी मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर आधारित है। भले ही एआई मॉडल को बड़े आंकड़ों पर तैयार किया जाता है मगर वे फिर भी गलत हो सकते हैं।

गूगल ने भी एसजीई पर कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। जैसे- खोज परिणामों (सर्च रिजल्ट) में गलतियां कम करने के प्रश्नों के प्रकार को सीमित करना। ऐसा इसलिए है कि गूगल का कहना है कि एसजीई भाषा की गलत व्याख्या कर सकता है जो नतीजों का अर्थ बदल सकता है।

### क्या एसजीई भी गूगल सर्च की तरह विज्ञापन दिखाएगा?

गूगल विज्ञापनों के लिए पहले से बने जगह (स्लॉट) जारी रखेगा क्योंकि इसका कहना है, 'यह लोगों को सही उत्पादों और सेवाओं को खोजने में मदद करता है।' गूगल सर्च पेज पर विज्ञापन हमेशा की तरह 'प्रायोजित' लेबल के साथ दिखाई देंगे।

### यह कब से उपलब्ध होगा?

एसजीई का प्रयोग डेस्कटॉप पर गूगल क्रोम में विकल्प चुनने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए यह 31 अगस्त से शुरू हो गया है। आने वाले सप्ताह में यह ऐंड्रॉयड और आईओएस के लिए गूगल ऐप पर उपलब्ध होगा।


आज़ादी का अमृत महोत्सव
www.bankofbaroda.in
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

**निविदा सूचना**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा -04- भुगतान हार्डवेयर सुरक्षा मॉड्यूल (एचएसएम) की आपूर्ति, क्रियान्वयन और रखरखाव के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

विस्तृत विवरण बैंक की वेबसाइट **www.bankofbaroda.in** के निविदा खंड और गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (GeM) पोर्टल पर उपलब्ध है।

"परिशिष्ट", यदि कोई हो, को बैंक की वेबसाइट पर **www.bankofbaroda.in** निविदा खंड में जारी किया जाएगा। प्रस्ताव को अंतिम रूप से प्रस्तुत करने से पहले बोलीकर्ता इसे अवश्य देख लें।

**निविदा प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तारीख 21 सितम्बर, 2023 है।**

**स्थान: मुंबई**
**दिनांक: 01.09.2023** **मुख्य महाप्रबंधक (आईटी)**
73/23-24



सिडबी
**भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक**
**जेम (GeM) निविदा सूचना**

सिडबी निम्नलिखित हेतु, पात्र प्रदाताओं को जेम पोर्टल में बोलियां जमा करने के लिए आमंत्रित करता है:-

**वेबसाइट रखरखाव, विकास और सपोर्ट**

विस्तृत निविदा दस्तावेज के लिए कृपया **GeM Portal (gem.gov.in)** या हमारी वेबसाइट **www.sidbi.in** देखें। परिशिष्ट/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, तो उपर्युक्त वेबसाइटों में प्रकाशित किया जाएगा।



੧ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ
**पंजाब एण्ड सिंध बैंक** (भारत सरकार का उपक्रम)
**Punjab & Sind Bank** (A Govt. of India Undertaking)
*Where service is a way of life*

**ई-नीलामी**
(केवल ई-नीलामी द्वारा बिक्री)

**जोन - दिल्ली जोन-I, सिद्धार्थ एन्कलेव, आश्रम चौक, नई दिल्ली-110014**

**21.09.2023 (12.00 बजे अप. से 3.00 बजे अप. तक) अचल/चल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना की सार्वजनिक सूचना**

(परिशिष्ट IV-A) अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिस पर पंजाब एण्ड सिंध बैंक के अधिकृत प्राधिकारी के द्वारा भौतिक कब्जा कर लिया गया था, की बिक्री **"जहाँ है जैसे है", "जो है यही है"** तथा **"जो कुछ भी है वहीं है"** आधार पर की जायेगी।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

| क्र. सं. | कर्जदार/जमानती का नाम तथा शाखा | सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि एवं अब तक बकाया राशि (रु.) + भावी ब्याज एवं उस पर अन्य व्यय | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / संविदा वृद्धि राशि (रु.) | ईएमडी जमा तथा खाता विवरण | नाम तथा सम्पर्क नं. शाखा | सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | ईएमडी जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय कब्जे की स्थिति | ई-नीलामी की तिथि/समय | सरकारी बकाया, यदि कोई हो |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रुद्र कुमार<br>श्री राजीव शर्मा<br>शाखा : विवेकानन्द स्कूल, आनन्द विहार, दिल्ली | सम्पत्ति सं. 4/440 (पुरानी सं. 252) भूतल, छत के अधिकार रहित, खसरा नं. 506/513/514 तथा 534 में से, ग्राम चन्द्रावली, गली नं. 12, भोला नाथ नगर, इलाका शाहदरा, दिल्ली-32 माप 50 वर्ग गज | 04-05-2017<br>31.05.2022 तक रु. 35,16,787.49 + भावी ब्याज, व्यय एवं उस पर अन्य प्रभार आदि। | रु. 9,63,000/-<br>रु. 96,300/-<br>रु. 10,000/- | ईएमडी खाता सं. 09011100046968<br>लाभार्थी : पंजाब एण्ड सिंध बैंक<br>आईएफएससी कोड : PSIB0001034 | शाखा : विवेकानन्द स्कूल<br>मोबाइल : 9034046375<br>दूरभाष : 011-22162033<br>E-Mail: d0901@psb.co.in | तिथि 19-09-2023 को 11.30 बजे पूर्वा. से 3.00 बजे अप. के बीच | 20-09-2023 को 4.00 बजे अप. तक<br>भौतिक कब्जा | 21-09-2023 को 12.00 बजे अप. से 3.00 बजे अप. | बैंक को ज्ञात नहीं |

1. ई-नीलामी **"जहाँ है जैसे है", "जो है यही है"** तथा **"जो कुछ भी है वहीं है"** आधार पर की जायेगी।
2. अधिकृत प्राधिकारी के पूर्ण संज्ञान एवं सूचना में सम्पत्ति पर कोई ऋणभार नहीं है। फिर भी, इच्छुक संविदाकारों को अपनी संविदा जमा करने से पूर्व नीलामी पर रखी सम्पत्ति/यों के ऋणभार, स्वामित्व तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों के सम्बन्ध में अपनी स्वतन्त्र पूछताछ कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन बैंक की किसी प्रतिबद्धता या प्रतिनिधान को न तो गठित करता है और न करेगा। यह सम्पत्ति बैंक को ज्ञात या अज्ञात समस्त वर्तमान तथा भावी ऋणभारों सहित बेची जा रही है। अधिकृत प्राधिकारी किसी थर्ड पार्टी के दावों/अधिकारों/बकायों के लिए किसी भी प्रकार उत्तरदायी नहीं होंगे।
3. संविदा जमा करने से पूर्व आस्ति तथा विशिष्टियों के विषय में निरीक्षण करना तथा स्वयं को सन्तुष्ट करना संविदाकारों का उत्तरदायित्व होगा।
4. जिन इच्छुक संविदाकारों ने ईएमडी जमा कर दी है और लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड सृजित करने, डाटा अपलोड करने, संविदा जमा करने, ई-संविदा प्रक्रिया आदि पर प्रशिक्षण प्राप्त करने में सहायता चाहते हैं वे हेल्पडेस्क नं. +91 - 7291981124,7291981125,7291981126, हेल्पलाइन आईडी : support@bankeauctions.com तथा सम्पत्ति संबंधी किसी पूछताछ के लिए अधिकृत प्राधिकारी से किसी भी कार्यदिवस में कार्यालयी घंटों के दौरान सम्पर्क कर सकते हैं।
5. वैध यूजर आईडी/पासवर्ड धारक तथा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी का सुनिश्चित भुगतान करने वाले क्रेता ही ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे।
6. जिन इच्छुक संविदाकारों ने 20.09.2023 को 4.00 बजे अप. से पूर्व ऑनलाइन माध्यम से आरक्षित मूल्य के 10% से ऊपर ईएमडी जमा कर दी है वे ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे। उपर्युक्त सम्पत्तियों की ई-नीलामी संविदाकारों के बीच इंटर-से संविदा के माध्यम से प्रत्येक सम्पत्ति के सम्मुख उल्लिखित तिथि एवं समय पर ही संचालित की जायेगी। संविदाकार प्रत्येक सम्पत्ति के सम्मुख "संविदा वृद्धि राशि" के स्तम्भ के तहत उल्लिखित राशि के गुणक में अपने प्रस्ताव बढ़ायेंगे। यदि संविदा ई-नीलामी बन्द होने के समय अन्तिम 5 मिनटों में रखी जाती है (प्रत्येक 5 मिनट के अधिकतम असीमित विस्तार के अध्यधीन) तो बन्द होने का समय स्वतः ही 5 मिनट बढ़ जायेगा। जो संविदाकार ई-नीलामी प्रक्रिया बन्द होने पर अधिक संविदा राशि (आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं) जमा करता है उसे सफल क्रेता घोषित किया जायेगा और उसे इसकी सूचना इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दे दी जायेगी जो अधिकृत प्राधिकारी/प्रतिभूत लेनदार के अनुमोदन के अध्यधीन होगा।
7. सम्भावित क्वालिफाइड संविदाकार ई-नीलामी की तिथि से पूर्व मैसर्स सी1 इंडिया प्रा.लि. से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। न तो अधिकृत प्राधिकारी/बैंक और न ही मैसर्स सी1 इंडिया प्रा.लि. इंटरनेट नेटवर्क सम्बन्धी किसी समस्या के लिए उत्तरदायी होंगे और इच्छुक संविदाकारों को ई-नीलामी में भाग लेने के लिए तकनीकी रूप से सुसज्जित होना सुनिश्चित करना होगा।
8. क्रेता को प्रयोज्य स्टैम्प शुल्क/अतिरिक्त स्टैम्प शुल्क/अन्तरण प्रभार, शुल्क आदि तथा पूर्व एवं भविष्य के किसी से भी संबंधित सांविधिक/गैर-सांविधिक बकायों, करों, दरों, एसेसमेंट प्रभारों, शुल्कों आदि का वहन करना होगा।
9. अधिकृत प्राधिकारी उच्चतम प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और अधिकृत प्राधिकारी को किसी या सभी प्रस्ताव(वों) को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी स्थगित/आस्थगित/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है।
10. संविदाकारों को अपनी संविदाएं जमा करने तथा ई-नीलामी में भाग लेने से पूर्व मैसर्स सी1 इंडिया प्रा.लि. की वेबसाइट (https://www.bankeauctions.com) पर उपलब्ध ई-नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी जाती है।
11. बिक्री मूल्य का 25% तुरंत यानी उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद भुगतान किया जाना है, जिसमें प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति से पहले ही जमा की गई धरोहर राशि भी शामिल है, चूक के मामले में संपत्ति फिर से बेची जाएगी।
12. बिक्री मूल्य का शेष 75% अचल संपत्ति की बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पहले भुगतान किया जाना है। ऊपर उल्लिखित अवधि के भीतर भुगतान में चूक होने पर, जमा राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेच दिया जाएगा और चूक करने वाला क्रेता संपत्ति या उस राशि के किसी भी हिस्से पर सभी दावे को जब्त कर लेगा जिसके लिए इसे बाद में बेचा जा सकता है।

**इस सूचना को नियम 8(6) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत कर्जदारों तथा जमानतियों (एल/आरएस) के लिए 15 दिन की विधिक विक्रय सूचना माना जाए**

तिथि : 31.08.2023, स्थान : नई दिल्ली | अधिकृत प्राधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक